झारखण्ड सरकार
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)
Phone: 0651-2401917, E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

**सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा पी०आर० नं० 354674........के माध्यम से प्रकाशित विज्ञापन– निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान अंतर्गत संबंधित विषय/थीम – *''निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग के रोकथाम हेतु जागरूकता''* पर नाटक (Drama-Theatre / Folklore / Song based Drama) प्रतियोगिता में प्रतिभागिता से संबंधित निर्देशिका :–**

(1) गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा ''निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान दिनांक 10 से 26 जून 2025 को संचालित किया जा रहा है। उक्त जागरूकता अभियान के अंतर्गत संबंधित विषय/थीम – ***''निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग के रोकथाम हेतु जागरूकता''*** पर सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा राज्य के नाट्य कलादलों हेतु **नाटक (Drama-Theatre / Folklore / Song based Drama) प्रतियोगिता** आयोजित की जा रही है।

(2) उक्त प्रतियोगिता हेतु इच्छुक नाट्य कलादल सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के वेबसाईट https://jharkhandculture.com में उपलब्ध संबंधित लिंक के माध्यम से अपना आवेदन दिनांक 20.06. 2025 तक जमा कर सकते है। उक्त के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से/विलम्ब से प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(3) आवेदक कलादल, निदेशालय के वेबसाईट https://jharkhandculture.com में उपलब्ध संबंधित लिंक के माध्यम से अपना आवेदन समर्पित करने के समय अपने दल के सभी सदस्यों का विवरण संलग्न प्रपत्र–1 में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे ।

(4) प्रतियोगिता हेतु एक नाट्य कलादल में प्रतिभागियों की अनुमान्य संरचना एवं प्रदर्शन अवधि निम्नवत् होगी :–

| क्र० | विधा | एक कलादल में प्रतिभागियों/सदस्यों की अनुमान्य संख्या | प्रदर्शन अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | नाटक | 15–20 (पन्द्रह से बीस) | 25–35 मिनट (पच्चीस से पैंतीस मिनट) |

(5) प्रतियोगिता हेतु नाट्य कलादल के प्रतिभागी सदस्य, को अन्य दूसरे कलादल में किसी भी माध्यम में प्रदर्शन हेतु अनुमति नहीं होगी।

(6) प्रतियोगिता में विजेता कलादलों को निम्नवत् पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जायेगा :-

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | रू० 75,000.00 (पचहत्तर हजार रूपये) |
| द्वितीय पुरस्कार | रू० 50,000.00 (पचास हजार रूपये) |
| तृतीय पुरस्कार | रू० 35,000.00 (पैंतीस हजार रूपये) |

(7) प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मंडली का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

(8) (क) नाट्य प्रतियोगिता में प्रतिभागी आवेदकों की संख्या के अनुसार नाट्यदलों के लिए ऑड्रे हाउस, राँची के प्रेक्षागृह/मंच में दिनांक 23 से 25 जून 2025 को स्क्रीनिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा यथा निर्धारित स्थान पर दिनांक 26 जून 2025 को मुख्य प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता के विजेता नाट्य कलादलों को दिनांक 26 जून 2025 के राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में प्रस्तुति कराया जा सकेगा।

(ख) नाट्य प्रतियोगिता की उक्त आयोजन की तिथि/प्रदर्शन स्थल में परिवर्तन संभव है।

(9) उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु किसी प्रकार की कोई राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(10) प्रतिभागी नाट्य कलादल वार प्रतियोगिता की तिथि एवं अन्य सभी संबंधित सूचनाएं निदेशालय के वेबसाईट https://jharkhandculture.com के माध्यम से सूचित किया जायेगा। अतः सभी आवेदक से यह अपेक्षित होगा कि सभी आवेदक निदेशालय के वेबसाईट jharkhandculture.com से निरंतर सूचना प्राप्त करते रहें।

(11) प्रतियोगिता के किसी भी स्तर पर, संबंधित नियम/निर्देशों के संबंध में अपरिहार्य कारणों से होने वाले परिवर्तन का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

18/06/25

निदेशक, संस्कृति
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, राँची।

सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा पी०आर० नं० 354674 के माध्यम से प्रकाशित विज्ञापन निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान अंतर्गत संबंधित विषय/थीम – *"निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग के रोकथाम हेतु जागरूकता"* पर **नाटक (Drama-Theatre / Folklore / Song based Drama) प्रतियोगिता** में प्रतिभागी नाट्य कला दल की विवरणी :–

**नाट्य कलादल** – ........................................................................................,

**जिला** – ........................................................................................................,

| क्र० | प्रतिभागी कलाकार का नाम | जिला | मो० नं० | आधार सं० | प्रस्तुति में योगदान | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |
| 5. | | | | | | |
| 6. | | | | | | |

| क्र० | प्रतिभागी कलाकार का नाम | जिला | मो० नं० | आधार सं० | प्रस्तुति में योगदान | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | | | | | | |
| 8. | | | | | | |
| 9. | | | | | | |
| 10. | | | | | | |
| 11. | | | | | | |
| 12. | | | | | | |
| 13. | | | | | | |
| 14. | | | | | | |

| क्र० | प्रतिभागी कलाकार का नाम | जिला | मो० नं० | आधार सं० | प्रस्तुति में योगदान | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15. | | | | | | |
| 16. | | | | | | |
| 17. | | | | | | |
| 18. | | | | | | |
| 19. | | | | | | |
| 20. | | | | | | |

घोषित किया जाता है कि –

1. मेरे नाट्य कलादल ........................................................................................................के प्रतिभागी सदस्य, इस प्रतियोगिता में किसी अन्य दूसरे नाट्य कलादल में किसी भी माध्यम में प्रदर्शन हेतु प्रतिभागिता नहीं करेंगे।
2. उपरोक्त सभी विवरणी एवं जानकारी मेरे द्वारा स्वयं अंकित की गई है, जो पूर्णतः सत्य है, जिसके गलत पाये जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेवारी मुझपर होगी तथा इस हेतु निदेशालय नियमानुसार कार्रवाई कर सकेगा।

नाम ..........................................................................

हस्ताक्षर ..................................................................

(नाट्य कलादल नेता का नाम एवं हस्ताक्षर)